
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 17.01.2022 से 23.01.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## समर्पण पोर्टल के वोलेंटियर के साथ संवाद

(दिनांक 18.01.22)




**विषय: समर्पण पोर्टल के वोलेंटियर के साथ संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने महत्वाकांक्षी वालेंटियर प्रोजेक्ट समर्पण से जुड़े लोगों से बात की और उनके सवालों के जवाब दिए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने के लिए परिवार पहचान पत्र जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं क्रियान्वित की हैं ताकि सही और पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि समर्पण पोर्टल पर अब तक प्रदेश के 1485 लोगों ने स्वैच्छा से कार्य करने के लिए पंजीकरण किया है। पोर्टल में 1312 पुरुष एवं 173 महिलाएं स्वैच्छा से कार्य करने के लिए आगे आए हैं। इनमें सबसे अधिक युवा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे वॉलंटियर्स बधाई के पात्र हैं जिन्होंने स्वेच्छा से कार्य करने की सहमति प्रदान की है। इन वॉलंटियर्स की शिक्षा, वृक्ष मित्र, पर्यावरण, खेल, महिला एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों में उनकी रूचि अनुसार सेवाएं ली जाएंगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वॉलंटियर्स की जिला स्तर पर लोकल लेवल कमेटियों में ड्यूटी लगाई जाएगी जो उनके कार्य क्षेत्र के आसपास ही होगी। लोकल लेवल कमेटियों में एक सरकारी कर्मचारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कालेज के विद्यार्थी, सोशल वर्कर तथा वॉलंटियर्स शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आय सत्यापन, दूसरे चरण में जन्म तिथि तथा तीसरे चरण में व्यवसाय, शिक्षा, जाति आदि का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद पीपीपी एक दस्तावेज के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अंत्योदय भाव से कार्य करके समाज के हर व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठाना है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## BJP जिला अध्यक्षों के साथ बैठक

(दिनांक 19.01.22)

**विषय: BJP जिला अध्यक्षों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा के 5 जिलों (सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, पंचकूला, सोनीपत) के जिला अध्यक्षों के साथ चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर बैठक कर उनसे जिले में चल रही योजनाओं और कार्यो की जानकारी ली। साथ ही परिवार पहचान पत्र के तहत करवाये जा रहे सर्वे के कार्य मे तेज़ी लाने औऱ योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुँचाने और समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ कैसे मिले उसके लिए कार्य करने का आव्हान किया।


## आदिबद्री के विकास को लेकर हिमाचल सरकार के साथ MoU

(दिनांक 21.01.22)




**विषय: आदिबद्री के विकास को लेकर हिमाचल सरकार के साथ MoU।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने आदिबद्री के विकास को लेकर हिमाचल प्रदेश की सोम्ब नदी पर बनने वाले बांध



# साप्ताहिक सूचना पत्र

के संबंध में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक प्रयास है जो न केवल सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करेगा बल्कि हमारी संस्कृति को भी आगे लेकर जाएगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसके साथ ही अतिरिक्त पानी को संचित करने के लिए हथनीकुंड बैराज पर भी बनाया एक डैम बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।


इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आदिबद्री डैम के निर्माण से वर्षों पहले विलुप्त हुई सरस्वती नदी का पुनरुद्ध ार होगा। आदिकाल से पूजनीय सरस्वती नदी के प्रवाह स्थल के आसपास धार्मिक मान्यताएं पुनः जागृत होंगी, इसके साथ–साथ यह क्षेत्र तीर्थाटन के रूप में भी विकसित होगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उनका 35 साल पुराना सपना साकार हुआ है। उन्होंने वर्ष 1986–87 में सरस्वती के पुनरुद्धार के संबंध में हो रहे अनुसंधान से संबंधित यात्रा की थी। यह यात्रा यमुनानगर के आदिबद्री से शुरू होकर कच्छ तक पहुंची थी। उन्होंने कहा कि आदिबद्री डैम बनने से 20 क्यूसिक पानी निरंतर सरस्वती नदी में प्रवाहित होगा। इससे पूरा वर्ष सरस्वती में पानी का प्रवाह रहेगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह के संबंध में न केवल धार्मिक मान्यता है बल्कि सैटेलाइट से स्पष्ट हुआ है कि जमीन के अंदर आज भी इसका प्रवाह है। सरस्वती नदी पर शोध के संबंध में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पीठ की स्थापना कर रखी है, इसके अतिरिक्त हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलेपमेंट बोर्ड की स्थापना की गई है।

हरियाणा सरकार ने आदिबद्री से कैथल होते हुए घग्गर नदी तक 200 किलोमीटर दूरी के क्षेत्र को सरस्वती नदी के लिए अधिसूचित किया है। राजस्व रिकॉर्ड में भी इसका जिक्र मिलता है।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी ने कहा कि आदिबद्री डैम दोनों प्रदेशों के लिए सिंचाई व पीने के पानी की आवष्यकता को पूरा करेगा। सरस्वती नदी में जल के प्रवाह से धार्मिक व पर्यटन के दृष्टि से यह क्षेत्र विकसित होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार कार्यक्रमों में सरस्वती नदी के पुनरूद्धार के संबंध में अपनी इच्छा व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री का देश की नदियों को जोड़ने का भी एक महत्वपूर्ण विजन रहा है। इसी कड़ी में आज हरियाणा व हिमचाल प्रदेश सरकार के बीच आदिबद्री डैम को लेकर एमओयू हुआ है। इस डैम से जुड़े जमीन मालिकों को उचित मुआवजे की व्यवस्था की जाएगी। आने वाले दिनों में इस परियोजना से जुड़ी सभी औपचारिकता पूरी करके इस डैम का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार व हरियाणा सरकार साथ मिलकर कई अन्य परियोजनाओं की भी रूपरेखा तैयार कर रही हैं। इससे दोनों क्षेत्रों में पर्यटन विकसित होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## एस्पिरेशनल जिलों के संबंध में प्रधानमंत्री जी की बैठक

(दिनांक 22.01.22)




**विषय: एस्पिरेशनल जिलों के संबंध में प्रधानमंत्री जी की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने एस्पिरेशनल जिलों के संबंध में देश के 112 जिलों के उपायुक्तों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। माननीय मुख्यमंत्री जी भी इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। हरियाणा का नूह (मेवात) जिला इस योजना के तहत 112 जिलों में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने एसपीरेशनल डिस्ट्रीक प्रोग्राम क्रियान्वयन के लिए हरियाणा की सराहना की और कहा कि मेवात जिले में इंस्टिट्यूशनल डिलीवरी के मामले में काफ़ी सुधार हुआ है जिससे हमारी माताओं बहनों के स्वास्थ के साथ साथ डिलीवरी के दौरान होने वाली मौतों में भी कमी आई है। यह प्रदेश सरकार व प्रशासन के लिए गर्व की बात है।

उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका नहीं है जब प्रधानमंत्री जी ने हरियाणा सरकार की तारीफ की है, इससे पूर्व में भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनकल्याण की नीतियों व कार्यक्रमों का अनुसरण दूसरे राज्य तो करते ही हैं, कई बार केंद्र सरकार भी इनकी नीतियों और कार्यक्रमों को अपनाकर उन्हें देशभर में लागू करती है।

नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जलस्त्रोत, वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास तथा मूलभूत



# साप्ताहिक सूचना पत्र

सुविधाएं विकसित करने के लिए एसपीरेशन डिस्ट्रीक प्रोग्राम क्रियान्वित किया गया ताकि देश के चयनित जिलों का भी सर्वागींण विकास किया जा सके। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के एसपीरेशनल डिस्ट्रीक नूह को ग्लोबल पहचान देने के लिए कार्य करने और जिले की खूबियों पर आधारित वन डिस्ट्रीक वन प्रोडक्ट कार्य पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए भी प्रदेश सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने गुड गवर्नेंस के माध्यम से आयुष्मान भारत, पैंशन योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं व स्कीमों को समयबद्व उपलब्ध करवाने के लिए भी सरकार की तारीफ की। इनके क्रियान्वयन से लोगों में सामाजिक और आर्थिक बदलाव आया है।

## पराक्रम दिवस पर सुभाष चंद्र बोस जी की मूर्ति का आवरण

(दिनांक 23.01.22)







**विषय: पराक्रम दिवस पर सुभाष चंद्र बोस जी की मूर्ति का आवरण।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ स्थिति MLA होस्टल में बने पार्क में सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया और उन्हें श्रधांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती को आज पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है। देश की आजादी के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने युवाओं से आह्वान किया कि नेताजी के आदर्शों और बलिदान से प्रेरणा लेकर देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करें।

उन्होंने कहा कि आज का अवसर हमें हमारे देश के आजादी के समय को याद करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है, जब नेताजी और कई अन्य शहीदों ने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक अद्वितीय नेता थे, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करके न केवल भारत की धरती पर बल्कि पूरे विश्व में आजादी की



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मशाल जलाई थी। भारत माता के लिए अपने अद्वितीय संघर्श के लिए नेताजी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के उस महान युग में, जब देश ब्रिटिश शासन के चंगुल से मुक्त होने के लिए संघर्ष कर रहा था, नेताजी ने अपनी आज़ाद हिंद फौज के 50,000 बहादुर जवानों के साथ विदेशी शासन की नींव हिला कर रख दी थी और अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा था। आजाद हिंद फौज और यहां तक कि आजाद हिंद सरकार (शैडो सरकार) का गठन स्वतंत्रता प्राप्त करने के प्रति नेता जी के उत्साह और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेताजी का भाशण जो उस समय रेडियो पर प्रसारित होता था, विशेष रूप से वह नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' ने निष्चित रूप से युवाओं में देशभक्ति व अदम्य साहस पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एक क्रांतिकारी नेता होने के साथ–साथ नेजाजी सुभाष चंद्र बोस संवेदनशील व्यक्तित्व के भी धनी थे। नेताजी के स्कूल के किस्से को याद करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि नेताजी के स्कूल के गेट के बाहर एक भिखारन खड़ी होती थी, जिसके साथ नेताजी अपना आधा भोजन साझा करते थे। उनका यह कार्य निष्चित रूप से इस बात पर प्रकाश डालता है कि नेताजी एक संवेदनशील व दयालु व्यक्तित्व भी थे।

उन्होंने कहा कि अपने पिता की इच्छा के अनुसार केवल 23 साल की उम्र में सबसे कठिन परीक्षा भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) पास करने के बावजूद नेताजी ने नौकरी न करके देश की सेवा करने के अपने जुनून को आगे बढ़ाया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की सेवा में हरियाणा का योगदान हमेशा राज्य के लिए बहुत गर्व का विषय रहा है। नेताजी की 50,000 आज़ाद हिंद फौज में भी राज्य के युवाओं ने बड़ी संख्या में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आज के इस अवसर पर उन्होंने उन राज्य सैनिकों को भी नमन किया जो आजाद हिंद फौज का हिस्सा थे।


## यूथपेन्योर कार्यक्रम (युवा उधमिता)

(दिनांक 23.01.22)




**विषय:** यूथपेन्योर कार्यक्रम (युवा उधमिता)।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में स्पोट्‌र्स डिपार्टमेंट की और से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देष्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम यूथपेन्योर में शिरकत कि और इसके तहत ट्रेंनिग प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत हर साल 1,000 युवाओं को दी एडवेंचर–स्पोर्टस की ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही मोरनी, कलेसर,



# साप्ताहिक सूचना पत्र

ढ़ोसी, अरावली व मेवात की पहाडियों में भी एडवेंचर–स्पोर्टस की शुरुवात की जाएगी। जहां पर हर साल तीन से पांच 'एडवेंचर–स्पोर्टस कैंप' आयोजित किए जाएंगे। उक्त कैंपों में ट्रेनिंग पर 2 करोड़ रूपए की राशि प्रत्येक वर्ष खर्च की जाएगी। यूथपेन्योर का यह कार्यक्रम खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा 'मिल्खा सिंह एडवेंचर स्पोर्टस क्लब' के तहत किया जा रहा है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में मोरनी क्षेत्र के 16 से 29 वर्ष के बीच के युवाओं को 'एडवेंचर–स्पोर्टस एंड होम–स्टे' से संबंधित इंटरप्रीन्योरशिप बारे प्रशिक्षित किया गया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने युवाओं को जॉब–सिकर की बजाए जॉब–गिवर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना से गरीब से गरीब व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय रोजगार मेले आयोजित करके गरीब लोगों को मुर्गी फार्म, मछली पालन, पशुपालन समेत अन्य स्वरोजगार अपनाने के लिए ऋण आदि की सुविधाएं देने बारे जागरूक कर रहे हैं ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा एडवेंचर स्पोर्टस के अलावा धार्मिक पर्यटन एवं सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के प्रति युवाओं को अवगत करवाया। मोरनी क्षेत्र के कई युवाओं ने 'यूथप्रीन्योर' ट्रेनिंग प्रोग्राम में हासिल किए गए प्रशिक्षण के अनुभवों को मुख्यमंत्री जी के समक्ष शेयर किया। इन युवाओं ने मुख्यमंत्री जी द्वारा आरंभ किए गए 'एडवेंचर–स्पोर्टस एंड होम–स्टे' कार्यक्रम की प्रशंसा की और युवा–हित में उठाया गया अहम कदम बताया।

## राज्य सूचना विभाग के कार्यालय का शिलान्यास

(दिनांक 23.01.22)



**विषय:** राज्य सूचना विभाग के कार्यालय का शिलान्यास।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में बनने जा रहे राज्य सूचना विभाग के कार्यालय का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंचकूला के सेक्टर 3 स्थित राज्य सूचना आयोग भवन का नाम नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के नाम पर रखा जाएगा।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने देश की आजादी में युवाओं में जो जज्बा पैदा किया व प्रेरणा दी, उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज युवाओं को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जैसे क्रांतिकारियों की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश व समाज की प्रगति में योगदान के लिए आगे आना चाहिए।